| दिनांक 21.04.2024 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 22/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद फिरोजाबाद/थाना सिरसागंज</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 21.04.2024 को थाना सिरसागंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नसीरपुर मार्ग अमौर नहर पुलिया पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त शोएब उर्फ कालिया घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सिरसागंज पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद, कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानों पर चोरी, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सिरसागंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शोएब उर्फ कालिया निवासी बारी का नगला 60 फुटा रोड, कश्मीरी गेट थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना जानसठ**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी के चॉदी के आभूषण, 10 चॉदी के सिक्के**
- **चोरी के 35 हजार रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 21.04.2024 को थाना जानसठ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सलारपुर–मेहलकी मार्ग पर मेहलकी तिराहा के पास बन्द पड़े कोल्हू के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–रोशन 2–संजीत घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के चॉदी के आभूषण, 10 चॉदी के सिक्के, चोरी के 35 हजार रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त रोशन के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर हत्या, चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जानसठ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रोशन निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

2–संजीत निवासी इनामपुरा थाना मंडावर जनपद बिजनौर।

**बरामदगी**

1–चोरी के चॉदी के आभूषण, 10 चॉदी के सिक्के।

2–चोरी के 35 हजार रूपये नगद।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद फिरोजाबाद/थाना उत्तर

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 21.04.2024 को थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर टापा खुर्द जलेसर रोड पर पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त 1–करूआ उर्फ कमलेश 2–योगेन्द्र उर्फ मौनू घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त करूआ उर्फ कमलेश हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 13 अभियोग व अभियुक्त योगेन्द्र उर्फ मौनू के विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद के थाना उत्तर पर हत्या का प्रयास आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना उत्तर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–करूआ उर्फ कमलेश निवासी जैन नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

2–योगेन्द्र उर्फ मौनू निवासी जैन नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

<u>जनपद इटावा/थाना ऊसराहार</u>

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **18 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **09 जीवित कारतूस विभिन्न बोर**
- **09 अवैध नाल 315 बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनॉकः 20.04.2024 को थाना ऊसराहार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गडरियान की मडैया ग्राम को जाने वाले रास्ते पर खाली पड़े खण्डहर के पीछे से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त 1–सरवेन्द्र 2–ललित उर्फ चिरैया को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 18 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 09 जीवित कारतूस विभिन्न बोर, 09 अवैध नाल 315 बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सरवेन्द्र के विरूद्ध जनपद इटावा, औरैया, कन्नौज, मैनपुरी के विभिन्न थानों पर हत्या, लूट, अपहरण, गुण्डा एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग 02 दर्जन अभियोग व अभियुक्त ललित उर्फ चिरैया के विरूद्ध जनपद इटवा के थाना ऊसराहार पर हत्या, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–सरवेन्द्र निवासी नगला दुली थाना ऊसराहार जनपद इटावा।

2–ललित उर्फ चिरैया निवासी नगला दुली थाना ऊसराहार जनपद इटावा।

**<u>बरामदगी</u>**

1–18 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–09 जीवित कारतूस विभिन्न बोर।

3–09 अवैध नाल 315 बोर।

4–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

**जनपद फिरोजाबाद/थाना रामगढ़/ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 कि0ग्रा0 अवैध अफीम**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 20.04.2024 को थाना रामगढ़ व ए0एन0टी0एफ0 यूनिट आगरा जोन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चनौरा अण्डरपास से अभियुक्त अशोक कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 कि0ग्रा0 अवैध अफीम, 01 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना रामगढ़ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अशोक कुमार निवासी ब्राहमण चौराहा हिमॉयूपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1—लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 05 कि0ग्रा0 अवैध अफीम।

2—01 मोटर साइकिल।

———————